## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में जनता को है पूरा विश्वास : कर्मबीर कौल



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** हरियाणा की 10 की 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे, उपरोक्त दावा युवा भाजपा नेता एवं कैथल जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने बातचीत में किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में जनता को पूरा विश्वास है और आज लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कर्मबीर कौल ने कहा कि 2019 में पूर्व सीएम हुड्डा कहते थे कि रोहतक की सीट जीतकर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे, लेकिन चुनाव परिणामों से पिता-पुत्र को पता चल गया कि अब कांग्रेस से लोगों का विश्वास उठ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के शासन को नहीं भूली है कि किस प्रकार भ्रष्टाचार हुआ करता था। वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनाये जाने के बाद लोगों में काफी उत्साह है और सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य मोदी सरकार व मनोहर लाल सरकार के दौरान जो काम किए गए हैं उनको आगे बढाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक-एक वोटर तक पहुंच रहे हैं और ऐसा कोई व्यक्ति नहीं छूटेगा जिससे भाजपा के कार्यकर्ता सम्पर्क न साध रहे हों। इस मौके पर उनके साथ टिंकू सागवाल, जिला पार्षद मुनीश शर्मा फरल, पार्षद देवेंद्र शर्मा पुजारी आदि भी उपस्थित रहे।

### ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन विषय पर होगा दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम

*कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रस्तुतियां, इंटरैक्टिव सत्र और केस स्टडीज की रहेगी श्रृंखला*

**चंडीगढ़।** विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉर्पोरेट कार्यालय फ़रीदाबाद के सहयोग से उत्तरी क्षेत्र के लिए ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सेक्टर-17 चंडीगढ़ के होटल शिवालिक व्यू में 21 व 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में इंजीनियर हीरा लाल गोयल, मुख्य अभियंता/प्रवर्तन एवं ऊर्जा लेखा परीक्षा, पीएसपीसीएल, पटियाला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसमें विशेषज्ञ प्रस्तुतियों, इंटरैक्टिव सत्र और केस स्टडीज की एक श्रृंखला होगी। लखनऊ में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम से हितधारकों के लिए ऊर्जा संरक्षण और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की ओर क्षेत्र के बदलाव के बारे में चर्चा, सीखने और रणनीति बनाने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में काम करने की उम्मीद है। उत्तर भारत में अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की व्यापक समझ को बढ़ावा देना है। प्रतिभागी क्षेत्र के ऊर्जा संरक्षण लक्ष्यों के लिए प्रासंगिक नवीन प्रौद्योगिकियों, नीति ढांचे और सामुदायिक सहभागिता मॉडल का पता लगाएंगे। इस कार्यक्रम में वक्ता केंद्रीय और राज्य उपयोगिताओं, नीति निर्माताओं और नियामकों के प्रख्यात प्रौद्योगिकीविद् प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को संवादात्मक वातावरण में आयोजित किया जाएगा जिससे चर्चा के लिए अधिक अवसर उपलब्ध होंगे।

# एक-एक वोटर तक पहुंचेगा भाजपा का कार्यकर्ता : नायब सैनी

## रोहतक में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में भाजपा का मंथन

- मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, चुनाव सह प्रभारी, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक, संगठनमंत्री की उपस्थिति में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा




तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़।** इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का फोकस 2019 चुनाव के मुकाबले बड़ी जीत दर्ज करने पर है। इसको लेकर संगठन विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रकार की बैठकें और कार्यक्रम लगातार कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रोहतक के नए प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में हुई, जिसमें हर वोटर से संपर्क करने का स्पष्ट संदेश दिया गया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कार्यकर्ताओं को एक-एक वोटर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए जिससे भाजपा के कार्यकर्ता ने संपर्क ना किया हो। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, चुनाव प्रबंधन समिति हरियाणा के संयोजक सुभाष बराला, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। पूर्व सीएम मनोहर लाल, सुरेंद्र नागर, सुभाष बराला, फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव प्रबंधन के गुर दिए। इन आला नेताओं की उपस्थिति में चुनाव प्रबंधन से जुड़े संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई, साथ ही लोकसभा, विधानसभा के अलावा बूथ स्तर पर चुनाव जीतने के फार्मूला पर मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बड़ी मजबूती से लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाते हुए दस की दस सीटें बड़े मार्जिन से जिताने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 मई तक दिन-रात काम करना है। कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण भाव व जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से सभी सीटों पर जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा भारत को विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर तेजी से बढ़ेगी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में खुशहाली लाकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया है, ताकि हरियाणा विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि जनता को घर बैठे योजनाबद्ध तरीके से इन 10 सालों में लाभ पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक इन दस सालों में हुए कामों के मैनेजमेंट को लेकर पदाधिकारियों से हुई है।

## कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह जेजेपी में शामिल

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया हैं। बुधवार को पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। चंडीगढ़ स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने राव बहादुर का जेजेपी में स्वागत किया और कहा कि उन्हें जेजेपी में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव तक और भी कई मजबूत साथी जेजेपी ज्वाइन कर सकते हैं। राव बहादुर सिंह जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की जन आक्रोश यात्रा के दौरान के पुराने साथी रहे हैं। वे नांगल चौधरी से विधायक रहे हैं। राव बहादुर भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। जेजेपी में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राव बहादुर ने दुष्यंत चौटाला को साफ-सुथरी कार्यशैली और छवि वाला नेता बताया। उन्होंने आगे कहा कि अजय सिंह चौटाला आम कार्यकर्ता को भी विधायक बनने का अवसर देते है। राव बहादुर ने कहा कि कांग्रेस में मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है, जबकि जेजेपी में कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य माना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को झूठा दिलासा देकर ठगा जाता है। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ केसी बांगड़, बृज शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह सहित कई अन्य जेजेपी नेता आदि मौजूद रहे।

## हर जिले में आपदा मित्र करेंगे मानव सेवा में सहयोग : अनिल जोशी




तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य संयुक्त सचिव अनिल जोशी ने कहा कि आपदा के समय में तुरंत सहायता जरूरी है, इसको लेकर रेडक्रास आपदा मित्र तैयार कर रहा है, जोकि हर जिले में मानव सहयोग में भागीदार होगा। वे बुधवार को पांच दिवसीय राज्य स्तरीय आपदा मित्र डिजास्टर रिस्पांस ट्रेनिंग कैंप में बोल रहे थे। शिविर निदेशक रविंद्र कुमार ने उन्हें स्मृत चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि आपदा के समय में तुरंत सहायता सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए रेडक्रास की ओर से जिला स्तर पर आपदा वीर तैयार करने की योजना शुरू की गई है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण के साथ राज्य स्तर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। शिविर निदेशक रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से 116 स्वयंसेवक भाग ले रहे है। शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह योगासन के साथ हुई। इस शिविर में आपको राष्ट्रीय स्तर के रिसोर्स पर्सन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में संजीव धीमान राज्य प्रशिक्षण अधिकारी ने फर्स्ट एड, सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी की जान बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा एक अहम कदम हो सकता है। एक्सीडेंट या चोट लगने के बाद तुरंत फर्स्ट एड देने से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मेले का आयोजन

**चंडीगढ़ :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार 18-19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा। खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।

## मोदी सरकार किसानों-मजदूरों का कर्जा माफ करने जैसे वादों की गारंटी को पुरा करे : मेवा सिंह



राजेश कुमार

**बाबैन :** किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा-पंजाब के खनोरी बॉर्डर पर पुलिस की गोली से शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह के अस्थि कलश आज बाबैन पहुचें। बाबैन में लाडवा के विधायक मेवा सिंह, आप नेता गुरदेव सुरा, नायब पटाकमाजरा, हरप्रीत चीमा, जयपाल पांचाल, संजीव भूखड़ी, लाभ घिसरपड़ी, बलिहार सिंह, बलकार सिंह, रामपाल सैनी, पवन सिंगला, लाभ सिंह ढांडा, माम चन्द प्रजापत के अलावा बड़ी संख्या में किसानों ने शहीद किसान शुभकरण सिंह को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक मेवा सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों पर अत्याचार करने की बजाए 2014 में किसानों से की गई स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट व एमएसपी लागू करने, किसानों-मजदूरों का कर्जा माफ करने जैसे वादों की गारंटी का पूरा करे। उन्होंने कहा कि आज देश में जो भी व्यक्ति अपने हकों को पूरा करने की मांग करते है सरकार उनकी मांगों को पूरा करने की बजाय उन पर लाठीचार्ज करने के अलावा उन पर गोली चलवा कर तानाशाही दिखाती है। किसान आंदोलन के दौरान 700 से अधिक किसान शहीद हुए लेकिन सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा करना तो दुर किसानों के प्रति कोई भी सहानुभूति भी नहीं दिखाई है जिससे भाजपा का किसान विरोधी चेहरा बेनकाब हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान मोदी सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को याद दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे है और सरकार को चाहिए कि वह किसानों पर तानाशाही दिखाने की बजाय उनकी मांगों को पूरा करे।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा कर देश के लोगों का पेट भरता है लेकिन बदले में सरकार किसान को दबा व मार रही है। उन्होंने कहा कि आज किसान अपने हकों के लिए शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहा है लेकिन सरकार उनकी मांगों को पुरा करने की बजाए लाठी व गोली से किसान को दबा रही है। उन्होंने कहा कि किसान अब सरकार की तानाशाही के आगे झुकेगा नहीं बल्कि अपने हकों को लेकर रहेगा। उन्होंने किसानों को आह्वान किया कि वे अपने हकों के लिए एकजुट हो जाए।

## दिल्ली पलिक स्कूल मंगोली जाटान में वार्षिक समारोह आयोजित

राजेश कुमार

**बाबैन :** देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास होना जरूरी है और स्कूल ही एक ऐसा माध्यम है, जहां बच्चों का बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास हो सकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी रूचि के अनुसार उन्हें अन्य गतिविधियों में भी शामिल करें। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अपने व्यवहार में कुशलता व उच्च आदर्श जैसे गुणों को ढालकर उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने का कार्य शिक्षकों द्वारा ही किया जा सकता है। बच्चों को चाहिए कि वे स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में हिस्सेदारी लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने और समय-समय पर शैक्षणिक ज्ञान के अतिरिक्त खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपना सम्पूर्ण विकास करे।उपरोक्त शब्द दिल्ली पब्लिक स्कूल मंगोली जाटान के चेयरमैन कृपाल सिंह ने स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए





व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता प्रसीपल सीमा रानी ने की। इस अवसर पर चरणजीत, भूपेन्द्र सिंह,बलवंत सिंह, अभिनव, चन्द्रमोहन, पिरथी सिंह के अलावा अन्य अध्यापक एवं बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों में भाईचारे व आपस में मिलकर काम करने की भावना पनपती है। उन्होंने कहा कि वार्षिक समारोह में जिस आत्मविश्वास से बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उससे लगता है कि ये बच्चे भविष्य में किसी भी क्षेत्र में पीछे रहने वाले नहीं है।

## युवाओं को खेल किटें देकर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं : विक्रमजीत चीमा

### विकास व रोजगार की दृष्टि से हल्के की तस्वीर को बदलने का काम करेंगे

राजेश कुमार



**बाबैन :** ब्लॉक समिति के चेयरमैन विक्रमजीत चीमा ने कहा कि जनता ने यदि उन्हें अपना समर्थन दिया तो वे विकास व रोजगार की दृष्टि से हल्के लाडवा की तस्वीर को बदलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज लाडवा हल्के के विकास को गति देने व युवाओं के रोजगार के लिए एक बदलाव की जरूरत है और वे राजनीति के माध्यम यह काम प्राथमिकता के आधार पर करेंगे।

विक्रमजीत चीमा गांव रामसरन माजरा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर रिंकू सैनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामस्वरूप, बलैती राम, चंदन राम, प्रेमचंद, मुकेश कुमार, अवतार सिंह, सुरेन्द्र, अशोक कुमार, रामकुमार, गौरव, हर्ष, लक्ष्य, पुनित के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि लाडवा हलके के युवा खेलों में आगे निकले जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होंने कहा कि वे इसी उद्देश्य से युवाओं को खेल किटें देकर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि युवा नशे जैसी बुराई का शिकार ना हो। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश के खिलाडी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम चमकाए इसके लिए वे खेलने वाले युवाओं की हर मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि लाडवा हल्के के युवा भी खेलों में अपनी एक अलग पहचान बनाऐं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवा खेलों में उमदा प्रदर्शन करके नाम कमा सकते हैं और उन्हें केवल सही मार्गदर्शन की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि हल्के के हर गांव में उन्हें युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा।

# सरकार ने एमएसपी को लेकर किसानों से किए वादे नहीं किए पूरे नहीं : संदीप कोटड़ा

### कहा, देश-प्रदेश की जनता भाजपा को 2024 में हमेशा के लिए विदा कहने को तैयार

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** कलायत विधानसभा से युवा नेता एवं 2024 के प्रबल दावेदार संदीप कोटड़ा ने कहा कि किसानों के मुद्दों पर केंद्र सरकार बार-बार बातचीत से भाग रही है। प्रदेश की सरकार को किसानों के दिल्ली जाने से डर लगने लगा है।

उन्होंने कहा कि ट्रेक्टरों पर सवार किसानों को दिल्ली जाने से रोक सकती है लेकिन चुनाव लड़कर विधानसभा व लोकसभा में जाने से भाजपा की कोई ताकत नहीं रोक सकती। युवा नेता संदीप कोटड़ा ने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब किसान आंदोलन कर रहे हैं दो साल पहले भी दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन हुआ था तब मोदी सरकार को किसानों के आगे घुटने टेकने पड़े थे और संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था।



उन्होंने कहा कि उस किसान आंदोलन के दौरान 700 से ज्यादा किसानों की मौत हुई थी और आंदोलन को बदनाम करने के लिए सरकार ने तरह तरह के षड्यंत्र रचे थे। दो साल पहले सरकार ने न सिर्फ कानूनों को रद्द कर दिया, बल्कि एमएसपी पर गारंटी देने का वादा किया था, जिसके बाद किसानों ने आंदोलन वापस ले लिया था लेकिन सरकार ने एमएसपी को लेकर अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। युवा नेता व पूर्व जिला पार्षद संदीप कोटड़ा ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया क्योंकि सरकार द्वारा पर्चा लीक करने वाले गिरोहों को राजनीतिक संरक्षण दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासन में बहन-बेटियों पर अत्याचार, किसानों से वादाखिलाफी, बिजली कटौती, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पर्चा लीक जैसी घटनाएं हुई हैं, इन सबसे परेशान देश-प्रदेश की जनता भाजपा को 2024 में हमेशा के लिए विदा कहने को तैयार है। संदीप कोटड़ा ने कहा कि कलायत विधानसभा से वे चुनाव अवश्य लड़ेंगे और इस अभियान को लेकर उन्होंने चुनावी कार्यालय खोलने के साथ ही अपना जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया और हल्के के प्रत्येक गांवो में जा रहे हैं, जहां ग्रामीणों का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

## दिनेश शर्मा ने संभाला वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन चेयरमैन का पदभार

तेजयुग न्यूज़



**चंडीगढ़।** हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के नवनियुक्त चेयरमैन दिनेश शर्मा ने बुधवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। पिछले दिनों ही सरकार ने उनके नियुक्त आदेश जारी किए थे। मूल रूप से गुरुग्राम के रहने वाले दिनेश शर्मा पिछले पंद्रह से भी अधिक वर्षो से भाजपा में एक्टिव हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए नायब सिंह सैनी सरकार ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है।

उनके कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता व कैबिनेट मंत्री जयप्रकाश दलाल सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। सोहना मार्केटिंग कमेटी के चेयरमैन रहे दिनेश शर्मा गुरुग्राम भाजपा के जिलाध्यक्ष भी हैं। पार्टी ने उन्हें भाजपा युवा मोर्चा का गुरुग्राम का जिला प्रभारी भी नियुक्त किया हुआ है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में दिनेश शर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन का मुनाफा बढ़ाया जाएगा।

# डेढ़ साल से लाईट लगाने का कार्य नहीं हुआ, सीएम भी निकलते हैं इसी रास्ते से, नहीं दिया जा रहा ध्यान

## टीक रेलवे पुल बन रहा हादसों का पुल, सड़क के गड्ढे बन रहे हैं वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** कुरुक्षेत्र रोड पर टीक गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करीब डेढ़ साल पहले हुआ था परंतु पुल बनाने के बाद से ही यह समस्याओं का पुल बन गया है। पुल के दोनों तरफ अनेक बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिससे लोगों का वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। दोनो तरफ हुए गहरे गड्ढों पर ना तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे और न ही ठेकेदार इसकी सुध ले रहे हैं।







गड्ढों में गिरकर जहां वाहन चालक घायल हो रहे हैं तो वहीं कई जगह पर गड्ढों के साथ-साथ सड़क से बजरी भी उखड़ चुकी है, पुल पर सफाई न होने की वजह से कई जगह घास भी उग चुका है। पुल में तीव्र मोड़ और गड्ढे होने के कारण लोग अंधेरे में गिरकर घायल हो रहे हैं क्योंकि डेढ़ साल से पुल तो चालू हो गया है परन्तु आज तक उनके ऊपर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है जिससे अंधेरे में वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बार-बार संपर्क करने पर भी लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी केवल जल्द गड्ढे भरने और लाईट लगवाने की बात कर रहे हैं।

परंतु आज तक ना तो पुल बनाने वाले ठेकेदार ने इसकी सुध ली और ना सड़क बनाने वाले ठेकेदार ने कोई एक्शन लिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी केवल पत्र व्यवहार के माध्यम से ठेकेदार को सूचित किए जाने की बात कर रहे हैं परंतु वाहन चालकों के लिए कितनी परेशानी हो रही है, जानकर भी अधिकारी अनजान बन रहे हैं।

**भाजपा नेता, मुख्यमंत्री मंत्री और मंत्री गुजरते हैं, नहीं दे रहे कोई ध्यान :** कैथल-कुरुक्षेत्र जिलों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष और तमाम सत्ताधारी नेता और अधिकारियों का इस सड़क से आवागमन रहता हैं परंतु कोई भी इन गहरे गड्ढों को और पुल पर लाईट लगवाने की पहल नहीं कर रहा है। जहां एक साल से लाइट नहीं लगी तो वही गढ़ों पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सर्विस रोड भी डेढ़ साल से है बदहाल

पुल के नीचे जो सर्विस रोड बनाया गया था, उसको ठेकेदार ने यह कहकर छोड़ दिया था कि जब पुल चालू हो जाएगा तो सर्विस रोड को दुरुस्त किया जाएगा परंतु पुल को शुरु हुए डेढ़ साल से अधिक समय बीत गया है परंतु आज तक सर्विस रोड के गड्ढों को भी नहीं भरा गया है। आने वाले सीजन में जहां किसानों को दिक्कत होगी तो वहीं टीक गांव में जाने वाले ग्रामीणों को भी काफी समस्या आती है, इसलिए ग्रामीणों व वाहन चालकों ने कैथल डीसी से इसकी ओर ध्यान देने की मांग की है।